भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **1675**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 16 दिसम्बर, 2022/25 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाना है।

नैनो यूरिया (तरल) उत्पादन इकाइयों की स्थापना

1675. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की महाराष्ट्र में नैनो यूरिया (तरल) उत्पादन इकाइयां/विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(भगवंत खुबा)

(क) से (ग): भारत सरकार नैनो यूरिया संयंत्रों की स्थापना करने में सीधे तौर पर शामिल नहीं है। तथापि, उर्वरक विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) ने इफको से नैनो यूरिया प्रौद्योगिकी को हस्तांतरित करने के लिए इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव (इफको) के साथ गैर-प्रकटीकरण करार (एनडीए) और समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके बाद, आरसीएफ ट्राम्बे, महाराष्ट्र में नैनो यूरिया उत्पादन केन्द्र की स्थापना कर रहा है।

******